हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

12 सीजेआई सूर्यकांत आज करेंगे बरवाला व नारनौंद न्यायिक...



11 ज्ञान व सामाजिक विकास का माध्यम होते पुस्तकालय



## खबर संक्षेप

### मां चण्डके देवी मंदिर में सहस्त्र चंडी पाठ 19 से

**हिसार।** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में 19 से 27 जनवरी तक आयोजित होने वाले नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए मां चण्डके देवी सेवा समिति व विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने आह्वान किया है। अग्रसेन भवन के प्रधान समाजसेवी अंजनी खारियावाला, श्रीश्याम मंडल समूह के अध्यक्ष दीपक गर्ग, रास्ता फाउंडेशन की अध्यक्षा रेणुबाला, ओलंपिक संघ हरियाणा के उपाध्यक्ष राकेश कोच, पर्यावरण बचाओ अभियान समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार, स्वदेशी मेलों के प्रदेश प्रभारी अनिल गोयल, विश्व पर्वतारोही व मोटिवेशनल स्पीकर अनिता कुंडू सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी पाठ व शिव महारुद्राभिषेक में हिस्सा लेने और प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर के दर्शन करने की अपील की है।

### स्विफ्ट कार सवार काबू 10.75 ग्राम हेरोइन बरामद

**आदमपुर।** आदमपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 10.75 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उप निरीक्षक शीशपाल ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर चक्की चौपटा–खैरमपुर रोड पर स्कूल के पास सदलपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट कार को रोका। पुलिस टीम को देखकर चालक ने गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने वाहन सहित चालक को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ढाणी चक्की चौपटा, सदलपुर निवासी मनीष बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पॉलीथिन थैली में 10.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### गुजवि की स्पेशल मर्सी की परीक्षा 14 से

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने गुरु जंभेश्वर भगवान के 575 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिए गए स्पेशल मर्सी चांस की यूटीडी एवं सबंद्ध डिग्री/लॉ कालेजों की ऑड समेस्टर की परीक्षाएं 14 जनवरी से होंगी। इस संबंध में डेट सीट जारी की जा चुकी है। विद्यार्थी डेट सीट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट या अपने कॉलेज में जाकर देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि विश्वविद्यालय के यूटीडी एवं सबंद्ध डिग्री/लॉ कालेजों की ऑड समेस्टर की परीक्षा 14 जनवरी से विश्वविद्यालय में स्थापित (कंम्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग, टीचिंग ब्लाक-6) में होंगी। परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## घरवालों के कहने से शुरू की प्रैक्टिस, यहीं से जीवन को मिली नई दिशा

*मुख्य न्यायाधीश का भव्य स्वागत, पुराने साथियों से भी मिले*

# गृह जिले पहुंचकर पुरानी यादें हुईं ताजा, जस्टिस सूर्यकांत बोले, यह मेरी जन्म और कर्म भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत शुक्रवार को हांसी बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने हांसी से जुड़े यादों को समारोह में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों तथा अभिवक्ताओं से साझा की।

- हांसी बार एसोसिएशन ने किया सीजेआई सूर्यकांत का भव्य स्वागत

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हांसी मेरी जन्म, कर्म भूमि और भावनात्मक भूमि है। उन्होंने कहा कि हांसी से उनकी बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। मेरे पिताजी की यहां ड्यूटी थी और मैंने पहली फिल्म हांसी के सिनेमा हॉल में देखी थी पिताजी मुझे साइकिल पर बैठाकर फिल्म दिखाने दिखाने के लिए सिनेमा घर ले कर गए थे। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल 1984 को आखिरी पेपर देने के बाद अगले ही दिन घरवालों ने कहा कि प्रैक्टिस शुरू कर दो और मैं 21 अप्रैल 1984 से ही मैं कोर्ट में जाने लगा और 29 जुलाई को बार लाइसेंस मिल गया। मैं एक अनजान लड़का था और एक केस में आर्ग्युमेंट के बाद जज की सलाह हिसार से सिर्फ दो जोड़ी कपड़े लेकर चंडीगढ़ चला गया। वहां मुझे बड़े वकीलों का आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा कि आज दुनियाभर में हमारा ज्यूडिशरी सिस्टम नंबर वन है और दूसरे देश हमारे साथ एमओयू कर रहे हैं।



हांसी। सीजेआई सूर्यकांत वत्स को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिला उपायुक्त डॉ राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि



हांसी। एसडीएम राजेश खोथ व हांसी पहुंचने पर सीजेआई सूर्यकांत वत्स का हेलीपैड पर स्वागत करते केबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा तथा विधायक विनोद व अन्य।

### हांसी को जिला बनने पर दी बधाई

अपने संबोधन में सीजेआई ने हांसी को जिला बनाने पर विधायक विनोद भयाना सहित शहरवासियों को बधाई देते कहा कि यह काफी पुरानी मांग थी। जब मैं यहां जज था तो डिमांड आती थी कि जिला नहीं बनाते तो हमें सेशन जज की कोर्ट दे दो। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आज उनको न्यायिक सेवा में 22 वर्ष पूर्ण हुए है।उन्होंने कहा कि हांसी एक छोटा सा क्षेत्र है, लेकिन यह मेरी जन्मभूमि, कर्मभूमि और भावनात्मक भूमि है। ज्यूडिशियल इंस्टीट्यूशन की भलाई के लिए मैं कुछ भी कर सकूं, आप इसके लिए मुझसे मिल या लिख सकते हैं। शपथ ग्रहण में हांसी के भाई-बहन आए, मैं उनका आभारी हूं। वह मेरे लिए ऐतिहासिक दिन था, मुझे महसूस हुआ कि मेरा परिवार मेरे साथ है।

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पहनाई पगड़ी

हांसी जिला बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने मुख्य न्यायाधीश व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पगड़ी, पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एडवोकेट सुमन ने मुख्य न्यायाधीश की धर्मपत्नी सविता वशिष्ठ को पगड़ी, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। एडवोकेट परीक्षा ने हांसी व हिसार के प्रशासनिक जज अलका सरीन को शॉल, पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरव सैनी ने जिला व सत्र न्यायाधीश अलका मलिक व प्रशासनिक जज एच.एस. सेठी को पगड़ी, पटका व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### सीजेआई ने अपने पिता की तस्वीर को माथे से लगाया

हांसी के उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल ने देश के मुख्य न्यायाधीश को उनका चित्र भेंट किया तथा एसडीएम राजेश खोथ ने मुख्य न्यायाधीश को उनके स्वर्गीय पिता जी की तस्वीर भेंट की। सीजेआई ने अपने पिता की तस्वीर को अपने माथे से लगा लिया। इससे पूर्व लोक निर्माण विश्राम गृह में पंहुचने पर देश के मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याणा ने मुख्य न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश इशा खत्री, एसीजेएम अनुराधा सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद थे।

*वकील ऐसी तैयारी करें कि विदेश में जाकर वकालत करें तो भी दिक्कत न हो*

## समय के साथ बदलकर मॉडर्न डे चेलेंज को स्वीकार करें वकील : सूर्यकांत

- जिला बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में देश के चीफ जस्टिस ने किया आह्वान
- कार्यक्रम में पहुंचने पर बार पदाधिकारियों व वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने किया स्वागत
- सीजेआई ने वकीलों से खुलकर बात कर पुराने दिनों की याद ताजा की



हिसार। लिटिगेट हॉल में वकीलों से बातचीत करते चीफ जस्टिस सूर्यकांत।

**हिसार।** भारत के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने वकीलों से आह्वान किया है कि वे मॉडर्न डे चेलेंज को स्वीकार करें। देश है, बदलाव आता रहता है, ऐसे में हमें भी अपने में बदलाव लाते हुए बदलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में अपराध का स्वरूप बदला है, वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में हमें साइबर अपराध के बारे में अपडेट होना पड़ेगा। सीजेआई सूर्यकांत शुक्रवार देर सायं जिला बार एसोसिएशन हिसार की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय अदालतों व उनके फैसलों की विदेशों तक चर्चा रही है। यदि हम समय के साथ-साथ अपडेट होते रहेंगे तो सही रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना काल में सब कुछ बंद हो गया था लेकिन हमारी अदालतें चलती रही, हमने नई तकनीक का फायदा उठाया और अदालतों का कामकाज सही ढंग से चला। इसी तरह हमें नए अपराधों व उनके बचाव बारे भी अपडेट होना पड़ेगा। वकीलों को ऐसी तैयारी करनी चाहिए कि कहीं विदेश में जाकर वकालत करनी पड़े तो भी कोई दिक्कत न हो।

### चीफ जस्टिस ने सुनाया पुराना किस्सा

हिसार बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वे 21 अप्रैल 1984 को हिसार कोर्ट में आया। 29 जुलाई को एडवोकेट आत्मा राम बंसल के पास प्रैक्टिस शुरू की। डिस्ट्रिक्ट जज ने सीनियर बार मेंबर से कहा कि आप इसे यहां क्यों खराब कर रहे हो, इसके बाद मैं चंडीगढ़ गया। चंडीगढ़ जाने के बाद भी मैं हिसार से जुड़ा रहा।

### साधारण स्कूल से पढ़कर सीजेआई बनना गौरवपूर्ण : संधीर

हिसार के वरिष्ठ अधिवक्ता पीके संधीर ने कहा कि जब सीजेआई सूर्यकांत ने हिसार बार मेंबर के रूप में शुरुआत की थी, तब मैं भी कोर्ट में प्रैक्टिस करता था। आपने न तो मुंबई के कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की और न ही ऑक्सफोर्ड से, आप एक साधारण स्कूल में पढ़कर यहां पहुंचे हैं, यही हमारे संविधान की खूबसूरती है।

### बार अध्यक्ष संदीप बूरा ने पढ़ा स्वागत भाषण

हिसार बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप बूरा ने स्वागत भाषण पढ़ा और शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह कभी न भूलने वाला क्षण था जिसमें शामिल होना हिसार बार के लिए सौभाग्य की बात थी।

*टीम सभी सर्किलों, मंडलों एवं उप-मंडलों में योजना की प्रगति की करेगी समीक्षा*

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की निगरानी के लिए निगरानी कमेटियां गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी, समयबद्ध और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने मुख्यालय तथा फील्ड स्तर पर विशेष मॉनिटरिंग कमेटियों का गठन किया है। यह निर्णय प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के निर्देशों की अनुपालना में लिया गया है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के आदेशानुसार मुख्यालय स्तर पर योजना की केंद्रीकृत निगरानी, नीतिगत समन्वय एवं उच्चस्तरीय रिपोर्टिंग के लिए मुख्य अभियंता (वाणिज्यिक) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ अधीक्षण अभियंता (वाणिज्यिक) को प्रथम वैकल्पिक नोडल अधिकारी, कार्यकारी अभियंता (वाणिज्यिक) को द्वितीय वैकल्पिक नोडल अधिकारी तथा उप-मंडल अधिकारी (वाणिज्यिक) को मुख्यालय पर दैनिक निगरानी एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह टीम सभी सर्किलों, मंडलों एवं उप-मंडलों में योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा करेगी।



विक्रम सिंह, प्रबंध निदेशक, डीएचबीवीएन।

### योजना क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

निगम प्रवक्ता ने बताया कि फील्ड स्तर पर योजना के जमीनी क्रियान्वयन, उपभोक्ता सुविधा एवं वास्तविक समय की निगरानी के लिए अधीक्षण अभियंता (ऑपरेशन) को फील्ड लेवल नोडल अधिकारी तथा कार्यकारी अभियंता (ऑपरेशन) को वैकल्पिक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। फील्ड टीम को डिवीजन, सब-डिवीजन एवं वेंडर-वार प्रगति पर नजर रखने, समयसीमा व गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा कमीशनिंग के तुरंत बाद आरटीएस बिलिंग शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पात्र अंत्योदय परिवारों को सब्सिडी के शीघ्र वितरण पर भी विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि फील्ड अधिकारी जिला प्रशासन एवं पंचायती राज संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों को सशक्त बनाएं। इसके तहत गांव स्तर पर जागरूकता शिविर, बैठकें एवं संयुक्त प्रचार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता, विशेषकर अंत्योदय परिवार, योजना का लाभ उठा सकें।




## अभियान: निगम टीम ने स्वच्छता नियम का उल्लंघन करने पर काटे चालान

*स्वच्छता अभियान को लेकर जयदेव ढाणी में जागरूकता कार्यक्रम*

# गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने वार्ड 15 की जयदेव ढाणी क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रदीप हुड्डा ने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को घर, दुकान और संस्थानों में कचरा पृथक करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने हरे डस्टबिन में गीला कचरा, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा और हानिकारक कचरे के लिए अलग डस्टबिन रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि कचरा पृथक्करण से उसके निस्तारण में आसानी होती है और शहर स्वच्छ बना रहता है। अतिरिक्त निगमायुक्त ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील करते हुए कपड़े और जूट के थैलों के इस्तेमाल पर जोर दिया। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। इस मौके पर पार्षद संतोष सैनी, पूर्व पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी, सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल, एएसआई सरोज, दरोगा सुनील सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



हिसार। क्षेत्रवासियों से बातचीत करते डॉ. प्रदीप हुड्डा।

### कचरा जलाने पर काटा चालान

एएसआई विजेता ने ऋषि नगर स्थित एक निजी लैब के कर्मचारी द्वारा खुले में कचरा जलाने पर चालान किया, जबकि एएसआई सन्नी ने दिल्ली रोड पर खुले में कचरा फेंकने वाले दुकानदार का चालान काटा। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नगर निगम ने किए पांच चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अभियान छेड़ा हुआ है। शुक्रवार को एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित, एएसआई राहुल पंवार, एएसआई विजेता ने पड़ाव चौक, मिलगेट, सेक्टर 14 गेट नंबर 2 के पास 4 दुकानदारों के द्वारा खुले में कचरा डालने पर उनका 500-500 रूपये के चालान किए गए, जोकि उन्होंने मौके पर जमा करवा दिए। इसके अलावा डोगरान मोहल्ला एक ट्रेडिंग कम्पनी के द्वारा नगर निगम के द्वारा बनाए गए सेकेण्डरी प्वाइंट पर कचरा डालने पर कम्पनी का पांच हजार रुपये का चालान किया गया। इसके साथ एएसआई सन्नी ने दिल्ली रोड पर एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा डालने पर उसका चालान काटा गया।



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफ Style

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं' एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'तू या मैं' के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।



# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।




# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय

मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।




## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आट्र्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप

### ओढां में निःशुल्क मेडिकल कैंप आज

**ओढां।** ओढां समाधान इलेक्ट्रोहोम्योपैथी सेंटर ओढां द्वारा 10 जनवरी को निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें मरीजों के स्वास्थ्य जांच कर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवाइयां मुफ्त दी जाएगी। इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉ. संदीप कांसल ने बताया कि ये स्वास्थ्य जांच शिविर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लगाया जा रहा है।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 14 से : विनोद

**सिरसा।** जिला के गांव अरनियांवाली स्थित गोपाल गोवंश गौशाला में आगामी 14 जनवरी से 22 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। गौशाला कमेटी सदस्य विनोद वर्मा ने बताया कि आगामी बुधवार 14 जनवरी को सुबह 10.15 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जोकि गांव के राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों का भ्रमण करते हुए गौशाला प्रांगण में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि आगामी 15 जनवरी को सुबह 11.15 बजे से कथा का शुभारंभ होगा।

### प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी

**सिरसा।** जन शिक्षण संस्थान कौशल संस्थान के प्रशिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम फल, सब्जिया प्रसंस्करण एव संरक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से हुआ। संस्थान के निदेशक धर्मपाल गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. दलजीत सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. वनीता राजपूत ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। सभी प्रशिक्षकों को तिल के लड्डु तथा आंवले की पुडिंग आदि की व्यंजन विधिया बताई गई।

### लोहड़ी व मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में लगा भंडारा

**कालांवाली।** आढ़तियों द्वारा लोहड़ी व मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भंडारा लगाया गया। आढ़ती पंकज माहेश्वरी ने बताया कि सभी आढ़तियों के सहयोग से भंडारा लगाया गया। इससे जहां सेवा होती है वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। इस मौकेपर पंकज माहेश्वरी, सुरेश गर्ग, हरीश सिंगला, कविश गर्ग, प्यारा लाल, अशोक जैन, त्रिलोक जिंदल, नरेंद्र बंसल, नामी माहेश्वरी, नीतिन गर्ग, तरसेम गर्ग, लक्ष्मण दास, पवन जिंदल, राजेश जिंदल सहित अन्य मौजूद रहे।

### युवक 8.95 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार, केस

**ओढां।** पुलिस ने गश्त के दौरान ओढां क्षेत्र से एक युवक को 8.95 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। ओढां थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि स्टेट नारकोटिक्स टीम ने गश्त के दौरान नजदीक शमशान घाट गांव ओढां से आरोपी जगप्रीत सिंह पुत्र अमृतपाल सिंह निवासी घुकांवाली को 8.95 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया था। आरोपी जगप्रीत से पूछताछ के दौरान बताया कि उसे यह हैरोइन आरोपी धर्मबीर उर्फ धर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी घुकांवाली जिला सिरसा ने ही उपलब्ध करवाई थी।

### उपलब्धि हासिल करने वालों को मिलेगा सम्मान

**सिरसा।** हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक अपनी उपलब्धियों के प्रमाण-पत्र, संपूर्ण विवरण और सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये पुरस्कार दिए जाएंगे उन्होंने बताया कि शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता पुरस्कार, शौर्य एवं बहादुरी पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर पुरस्कार, वरिष्ठ मूर्तिकार पुरस्कार, वरिष्ठ अभ्यासरत संगीतकार गायन का पुरस्कार, वरिष्ठ नृत्य अभ्यासरत पुरस्कार शामिल हैं।

---

### हकृवि में दो दिवसीय एएसएलआईपी कॉन्क्लेव का समापन

# ज्ञान व सामाजिक विकास का माध्यम होते पुस्तकालय: प्रो. बीआर काम्बोज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



हिसार। कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अवार्ड देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि डिजिटल एवं ज्ञान आधारित युग में पुस्तकालयों की भूमिका निरंतर विस्तृत एवं परिवर्तनशील होती जा रही है। पुस्तकालय केवल पुस्तकों का भंडार नहीं बल्कि ज्ञान, नवाचार और सामाजिक विकास का माध्यम बन चुके हैं। प्रो. बीआर कम्बोज शुक्रवार को नेहरू पुस्तकालय की ओर से एसोसिएशन ऑफ सीनियर लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन प्रोफेशनल्स के सहयोग से 'कोलब्रेटिव इंटेलिजेंसः बिल्डिंग स्मार्टर लाइब्रेरीज़ टुगेदर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय एएसएलआईपी कॉन्क्लेव-2025 के समापन अवसर पर संबोधन दे रहे थे। कॉन्क्लेव में एएसएलआईपी के अध्यक्ष डॉ. आरपी कुमार व सचिव डॉ. राज कुमार उपस्थित रहे। कुलपति ने बताया कि पुस्तकालय शिक्षा, अनुसंधान, मनोरंजन और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुस्तकालय ज्ञान का प्रसार और संरक्षण करने, संस्कृति और संस्कारों का विकास करने, समाज का बौद्धिक विकास करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में भी पुस्तकालय बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहें हैं। उन्होंने बताया कि पुस्तकें शिक्षा का आधार और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हैं। ये हमें विविध विषयों की जानकारी, बेहतर संचार कौशल, एकाग्रता और तनाव मुक्ती प्रदान करती हैं। कुलपति ने बताया कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को अपने अध्ययन, शोध और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय एक उपयुक्त स्थल है। पुस्तकालय व्यक्ति के नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय प्राचीन और आधुनिक पुस्तकों, पांडुलिपियों और दस्तावेजों को सुरक्षित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। लाइब्रेरी तेजी से स्मार्ट, सहयोगी और प्रौद्योगिकी संचालित ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हो रही हैं। कृषि विज्ञान और इसके संबंध विषयों के क्षेत्र में लाइब्रेरी एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**कॉन्क्लेव में डॉ. वेंकट राव पोकरी**

राज टिहरी, डॉ .परमिंदर कौर सैनी, जहांगीर ख़ान, डॉ. दीप्ति मदान, डॉ. राजीव पटेरिया, डॉ. सीमा परमार, त्रिदीब चट्टोपाध्याय व सरदार जंग बहादुर सिंह पन्नू को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। डॉ. आरपी कुमार ने कॉन्क्लेव की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों का डाटाबेस बनाया जाएं जो आवश्यकता पडने पर अपनी सेवाएं दे सकें। डॉ. अनिल कुमार सिवाच ने कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित किए विभिन्न तकनीकी सत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कॉन्क्लेव -2025 की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। पूर्व लाइब्रेरियन डॉ. बलवान सिंह ने सभी का स्वागत किया जबकि हकृवि के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजीव के पटेरिया ने कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया।

---

### रानियां रोड पर वारदात

# दुकान से नकदी और सामान चोरी करने के आरोपी पकड़े

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**


सिरसा। दुकान में चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

शहर थाना पुलिस ने रानियां रोड स्थित दुकान से नकदी व कुछ सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफतार किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि दुकान मालिक दिनेश निवासी सीकर राजस्थान, हाल प्रेम नगर सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 5 जनवरी की रात्रि को कुछ अज्ञात युवक दुकान का शटर तोडक़र दुकान के अंदर घुस गए में और दुकान से 5 कट्टे चावल 2 कट्टे दाल व तीन हजार रुपए की नकदी चोरी कर मौका से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि दुकान मालिक की शिकायत पर थाना शहर सिरसा में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्जकर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान शहर थाना की जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपी सन्नी कुमार पुत्र जीत लाल निवासी वैशाली बिहार जिला तुर्की हाल कंगनपुर रोड भारत नगर सिरसा व अक्षय पुत्र नंद कुमार निवासी वार्ड नंबर 27 जेजे कॉलोनी सिरसा को रानियां रोड सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

### सोने की चेन झपटने के मामले में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। सोने की चैन झपटने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 14 मई 2024 को संतोष सिंगला पत्नी अनिल सिंगला निवासी मॉडल टाउन फतेहाबाद द्वारा पुलिस चौकी बस अड्डा फतेहाबाद में शिकायत दी गई थी कि जब वह अपनी सास के साथ सुबह योग करने के लिए एमएम कॉलेज के पास स्थित योग आश्रम जा रही थी, तो मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चैन छीन ली और मौके से फरार हो गए।

---

### मरीजों को शारीरिक गतिविधियों की जानकारी दी

# सुबह पार्क में सैर करें, साइकिल चलाएं और फोन पर बात करते समय भी टहलें



सिरसा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा में स्टाफ नर्स अमनदीप मरीजों को जानकारी देते।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा में शुक्रवार को गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत स्टाफ नर्स अमनदीप कौर ने उपस्थित मरीजों को गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए विभिन्न आयु के लोगों को व्यायाम व योगा करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वयस्क (18-64 वर्ष) प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाली एरोबिक शारीरिक गतिविधि या प्रति सप्ताह कम से कम 75 मिनट की जोरदार-तीव्रता वाली एरोबिक शारीरिक गतिविधियां प्रतिदिन करें। इन गतिविधियों में खेलकूद, पैदल चलना, साइकिल चलाना आदि भी शामिल है। इस कार्यक्रम के तहत लोगों को अपनी दिनचर्या में शारीरिक गतिविधियों के लिए सरल उपाय जैसे लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का उपयोग करें। छोटी दूरी के लिए पैदल चलें या साइकिल चलाएं। टीवी देखते समय या फोन पर बात करते समय खड़े होकर टहलें और पारिवारिक सैर या खेलकूद में भाग लें। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आप अपने नजदीकी हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जाकर गैर संचारी रोगों की निःशुल्क जांच और शारीरिक गतिविधियों से जुड़े परामर्श भी ले सकते हैं।

---

### विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी आज

- भविष्य की संभावनाओं पर किया विचार विमर्श

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के हिंदी विभाग द्वारा आगामी 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक मलिक ने बताया कि इस संगोष्ठी में श्रीलंका के नुगेगोडा से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद प्रो. निलान्थी राजापक्ष एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रो. बीर पाल सिंह यादव मुख्य वक्ता होंगे। संगोष्ठी में हिंदी भाषा की वैश्विक भूमिका, समकालीन चुनौतियां तथा भविष्य की संभावनाओं पर गहन विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदी आज केवल एक राष्ट्रभाषा ही नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद की एक सशक्त भाषा के रूप में अपनी पहचान बना रही है।

---

### पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वालीबॉल प्रतियोगिता

# हार-जीत को स्वीकार करने की भावना ही जीवन में सफलता की नींव रखती है : एसपी

- पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां**


सिरसा। प्रतियोगिता में पुलिस अधीक्षक खिलाड़ियों के साथ।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवालामोटा में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डबवाली की पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर पहुंची और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। खेलों से जुड़ा युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से स्वतः दूर रहता है और जीवन में सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करता है। इससे ही आप आगे बढ़ सकते है। नशे से दूर रहने का आह्वान किया
उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल मैदान से सीखी गई मेहनत, अनुशासन और हार-जीत को स्वीकार करने की भावना ही जीवन में सफलता की नींव रखती है। यदि युवा खेलों को अपनाते हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों, स्थानीय ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं को सही दिशा देने वाला कदम बताया। पुलिस ने पुनः आमजन से अपील की कि वे युवाओं को खेलों से जोडऩे में सहयोग करें और नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का साथ दें।

---

# डॉ. इंदौरा बने को राज्य स्तरीय दिशा निगरानी कमेटी के मेंबर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



पटेल नगर निवासी डॉ. पुनीत इंदौरा को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बड़ी जिम्मेवारी दी गई है उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हरियाणा राज्य दिशा निगरानी कमेटी का मैंबर नियुक्त किया है। इस कमेटी के चेयरमैन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैं। डॉ. इंदौरा दिशा केंद्रों की विजिलेंस मॉनिटरिंग के साथ-साथ मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश स्तरीय बैठकों में भाग लेंगे और दिशा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी मॉनिटरिंग में अपनी भूमिका अदा करेंगे। डॉ. पुनीत इंदौरा की योग्यता एवं उनके कार्यों को देखते हुए पूरे हरियाणा से अनुसूचित जाति वर्ग में केवल उन्हीं का सदस्य पद के लिए चयन किया गया है। डॉ. पुनीत इंदौरा ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान, केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पार्टी के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।

---

# बालिकाओं को जागरूक एवं संस्कारित करने के लिए तीन दिवसीय शिविर शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**


हिसार। : बालिका जागरूकता एवं संस्कार शिविर में भाग लेती बालिकाएं।

भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा इंडिक सोलर कंपनी के सहयोग से प्रेम नगर स्थित कुम्हार धर्मशाला में बालिका संस्कार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। तेज ठंड के बावजूद बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। संस्था की संचालक अनु चिनिया ने बताया कि कार्यक्रम इंचार्ज संस्था की विद्यार्थी रही तुलसी, जो अब दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस कॉलेज में ग्रेजुएशन कर रही है, द्वारा किया गया। शिविर के प्रथम स्तर में प्रार्थना, परिचय एवं योग अभ्यास हुआ। संस्था के बच्चे हर्षित द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। संस्था के बच्चों और संस्था की मुख्य सदस्य गरिमा बंसल द्वारा प्रार्थना करवाई गई। द्वितीय स्तर में सूरज कराटे प्लेनेट की टीम वीरांगना की सदस्य टीना द्वारा बालिकाओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाए गए। संस्था सचिव सुरेश पूनिया द्वारा बालिकाओं को जीवन में शिक्षा के महत्व को बताते हुए स्वाभिमान से जीने के लिए प्रेरित किया गया।

---

# खरड़ अलीपुर में हरिहरानंद महाराज का 11वां निर्वाण महोत्सव 16 से

**हिसार ।** निकटवर्ती गांव खरड़ अलीपुर में सतगुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज का 11वां निर्वाण महोत्सव 16 जनवरी से 19 तक 108 ग्रंथ साहेब की अमृत वाणी के अखंड पाठ, 108 हवन महायज्ञ, सत्संग संत सम्मेलन व भंडारे के साथ बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के अवसर पर सतगुरु बंदी छोड़ घीसा संत जी महाराज की अमृतवाणी के ग्रंथ साहेब के 108 अखंड पाठों का शुभारंभ 16 जनवरी को सुबह 10:15 बजे अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री व स्वामी दीप्तानंद अवधूत मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद, स्वामी अमृतानंद, स्वामी संजय ब्रह्मचारी, स्वामी जितेंद्रानंद, स्वामी सुखदेवानंद, स्वामी हरवीरानंद, स्वामी बलबीरानंद आदि अनेक संत महापुरुषों, विद्वान पाठी, गुरुकुल के विद्यार्थियों व साध संगत की उपस्थिति में किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सुबह 9.15 बजे से शाम तक 27 हवन महायज्ञ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किए जाएंगे। हर रोज सत्संग ज्ञान गंगा का प्रवाह चलता रहेगा। 18 जनवरी अमावस्या रात्रि को 8:00 बजे से प्रभु इच्छा तक सत्संग का आयोजन होगा। इसमें अनेक संत महापुरुष, भक्तजन गायकार हुए संगीतकार अपने शब्दों व प्रवचन के द्वारा साध संगत को कृतार्थ करेंगे। अगले दिन 19 जनवरी सुबह हवन महायज्ञ की संपूर्ण आहुति का कार्यक्रम शुरू होगा। इसके बाद 108 ग्रंथ साहेब की वाणी के अखंड पाठों का संपूर्ण भोग लगाया जाएगा।

---

# सीएम सैनी ने किया गुजवि के कलेंडर का विमोचन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



हिसार। कलेंडर का विमोचन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने मुख्यमंत्री से चंडीगढ़ में विशेष भेंट की। कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की रैंकिंग तथा अन्य उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कुलपति ने मुख्यमंत्री को बताया कि विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के विजन पर आधारित नए रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए हैं। विदेशों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किए गए हैं। बीएससी नर्सिंग कोर्स आरंभ करने वाले गुजवि प्रदेश का पहला राज्य विश्वविद्यालय बना है। गुजवि द्वारा यूजी कोर्सिज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पहले ही लागू की जा चुकी है। आगामी से.पीजी कोर्सिज में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी जाएगी। कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय के आगामी विजन के बारे में जानकारी दी। कुलपति ने बताया कि मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया तथा बधाई दी। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की ओर से गुजवि को हरसंभव सहयोग का विश्वास भी दिलाया।

---

### अभियान: शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

# अतिक्रमण पर निगम की सख्ती दुकानदारों का किया सामान जब्त

रेलवे रोड, रेड स्क्वायर मार्केट, पोस्ट ऑफिस क्षेत्र से शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



हिसार । अतिक्रमण हटाने के बाद राजगुरु मार्केट का नजारा।

नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर से अतिक्रमण पर लगातार सख्ती जा रही है। निगम टीम द्वारा राजगुरु मार्केट समेत शहर के अलग-अलग हिस्सों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर निगम की टीम पूरी तैयारी के साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में पहुंची। इस कार्रवाई में कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की शुरू रेलवे रोड, रेड स्क्वयेर मार्केट, पोस्ट ऑफिस हटवा कर की। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट, पूजा मार्केट, चौधरी मार्केट, तेलियान पुल मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कुछ व्यापारियों के द्वारा टीम के द्वारा चेतावनी के बाद भी सामान बरामदों या खुले में लगाने पर उनका सामान जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि राजगुरु मार्केट व इसके आस-पास के बरामदे लगभग अतिक्रमण मुक्त रहे। इस कार्रवाई से बाजारों में पैदल चलने वालों और ग्राहकों को काफी सुविधा मिली है। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गो व मार्केट में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाना है।

## खबर संक्षेप



हिसार। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व हिसार जिला शहरी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मनरेगा को बंद करने की साजिश : गर्ग

**हिसार।** शहर के प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व हिसार जिला शहरी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को बंद करने की साजिश कर रही है। सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार मनरेगा का नाम बदलकर गांधी जी का अपमान किया है, जिस किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने फरवरी 2006 में बापू महात्मा गांधी जी के नाम पर गरीबों के लिए मनरेगा की योजना को लागू कि थी। ग्रामीण गरीब लोगों को साल में 100 दिन गारंटी से काम मिलता था भाजपा सरकार ने 6 करोड में सिर्फ 50 लाख को रोजगार दिया।



हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती निगम टीम। फोटो: हरिभूमि

### 18 बेसहारा पशुओं भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देशानुसार पर बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने शुक्रवार को एयरपोर्ट के पास, ब्लू बर्ड रिजोर्ट के पास, दिल्ली रोड व सिरसा रोड चुंगी के पास से 18 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गौ-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।



मरीज की जांच करते डॉ. आर कुमार।

### मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कैंप कल

**हिसार।** मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल फ्री हैल्थ चैकअप कैंप 11 जनवरी प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक किया जाएगा। इसमें मरीजों को 40 प्रतिशत सीटी स्कैन एमआरआई, ब्लड टैस्ट, ईसीजी में इन सभी टैस्टों छूट दी जाएगी। हॉस्पिटल संचालक डॉ. आर कुमार ने बताया कि हॉस्पिटल की तरफ से इस तरह के फ्री हेल्थ चैकअप कैंप समय समय पर गरीब मरीजों के लिए आयोजित किए जाते हैं। इस कैंप में सिर की चोट, डिलीवरी व एमपीटी की सुविधा होगी।

### गुरुजनों व पुराने दोस्तों के बीच कॉलेज की यादें करेंगे ताजा

# बरवाला और नारनौंद न्यायिक परिसर का आज शिलान्यास करेंगे सीजेआई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया न्यायमूर्ति सूर्यकांत 10 जनवरी को सुबह बरवाला में न्यायिक परिसर का शिलान्यास तथा न्यायालय का शुभारंभ करेंगे। वहां से सीजेआई नारनौंद पहुंचेंगे और वहां पर वे उपमंडल कार्यालय परिसर में न्यायिक परिसर भवन का शिलान्यास तथा न्यायालय का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत वे अपने पैतृक गांव पेटवाड़ में उनके सम्मान में आयोजित समारोह में भी शिरकत करेंगे। उधर, गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में शनिवार की दोपहर बाद सीजेआई सूर्यकांत के आगमन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अपनी डायमंड जुबली मना रहे कॉलेज परिसर में भव्य तरीके से सजाया गया है। सीजेआई सूर्यकांत शनिवार को कॉलेज की एलुमनी मीट में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करने आ रहे हैं। बता दें कि सीजेआई सूर्यकांत ने वर्ष 1981 में राजकीय कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की थी। सीजेआई सूर्यकांत की कॉलेज से बहुत सारी यादें जुड़ी हुई हैं। इन्हीं यादों को ताजा करने के लिए वे एलुमनी मीट में पहुंचेंगे। इस दौरान वे अपने शिक्षकों तथा कॉलेज टाइम में रहे अपने दोस्तों से भी मिलेंगे। एलुमनी मीट में कॉलेज से जुड़े करीब 1500 ओल्ड स्टूडेंट के पहुंचने की उम्मीद है। एलुमनी मीट के दौरान कॉलेज में रूम नंबर 4 पर विशेष फोकस किया गया हैं, क्योंकि इस रूम में स्टूडेंट रहते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने पढ़ाई की थी।

**चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया न्यायमूर्ति सूर्यकांत पैतृक गांव पेटवाड़ भी जाएंगे**



हिसार। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय। फोटो: हरिभूमि

#### नारनौंद को देंगे आज कोर्ट की सौगात

नारनौंद। देश के चीफ जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को उपमंडल परिसर में बनी बिल्डिंग में कोर्ट की शुरुआत करेंगे साथ ही कोर्ट की नई बिल्डिंग का शिलान्यास करेंगे। वही पर नारनौंद बार एसोसिएशन के सदस्यों से बंद टैंट में मुलाकात करेंगे। उनके साथ हाईकोर्ट के करीब 50 जज भी मौजूद रहेंगे। सभी वकीलों के कार्ड बनाए गए हैं। उन्हीं को अंदर जाने की एंट्री दी जाएगी। बाहर के लोगों के वहां आने पर पाबंदी रहेगी। वहीं पर पौधारोपण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद प्रशासन दोबारा चाय का कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सीजेआई सड़क के रास्ते अपने गांव पेटवाड़ में जाएंगे। गांव में सबसे पहले बाबा श्री राम मंदिर में दर्शन करके आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद खुली जिप्सी में सवार होकर जिस स्कूल में वह पढ़ते थे। उस स्कूल से गुजरते हुए, स्वागत कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद गांव की धर्मशाला में देशी खाना खिलाया जाएगा।



नारनौंद। नारनौंद में कार्यक्रम स्थल पर मौजूद एडिशनल सेशन जज निशांत शर्मा व सीजेएम अशोक कुमार। फोटो: हरिभूमि

#### चीफ जस्टिस बनने के बाद सूर्यकांत जन्मभूमि पर पहली बार कदम रखेंगे सूर्यकांत

**नारनौंद।** चीफ जस्टिस बनने के बाद सूर्यकांत पहली बार गांव पेटवाड़ में अपनी जन्मभूमि पर कदम रखेंगे। पूरे गांव में त्योहार जैसा माहौल है। गांव की महिलाएं हरियाणवी वेशभूषा में उनके स्वागत में गीत गाती हुई ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचेंगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस पद पर पहुंचकर पूरे देश में गांव पेटवाड़ का नाम रोशन किया है। ग्रामीण भी उनके स्वागत के लिए त्योहार जैसी तैयारी करने में जुटे हुए हैं। गांव का हर व्यक्ति पूरे तन मन के साथ गांव में तैयारी कर रहे। पूरे गांव की तस्वीर बदली जा रही हैं। हर गली को चमकाया जा रहा हैं ताकि बाहर से आने वाले मेहमानों को गांव पसंद आना चाहिए। गांव के स्कूली छात्र भी अलग अंदाज से स्वागत करेंगे। सभी के हाथों में तिरंगा और फूल होंगे। जैसे चीफ जस्टिस गांव के स्कूल में से गुजरेंगे तो सभी छात्र उनसे प्रेरणा लेते हुए फूलों की वर्षा करेंगे। मंच के सामने एक रंगोली तैयार की जाएगी। उसको गांव की महिला एवं बाल विकास विभाग में तैनात सुपरवाइजर सुनीता दुहन अपनी टीम के साथ तैयार करेगी। ग्रामीण घनश्याम शर्मा, सुरेंद्र उर्फ गोगल नंबरदार,पूर्व सरपंच वजीर सिंह, राजेंद्र सिंह ने बताया कि महिलाएं अलग ही अंदाज से उनका स्वागत करेंगी। उनके आने से आज पूरा गांव एकजुट हो गया। पहली बार इतना बड़ा आयोजन 36 बिरादरी के लोग मिलजुल कर कर रहे हैं।



उकलाना। समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री अनूप धानक। फोटो: हरिभूमि

## उकलाना में पूर्व मंत्री अनूप धानक ने सुनीं जन समस्याएं

- पेयजल सप्लाई में सीवरेज मिश्रण का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

पूर्व मंत्री अनूप धानक ने किसान विश्राम गृह में हलका उकलाना के लोगों की जन समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में सीवरेज का पानी मिलने की गंभीर समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है, और इस प्रकार की लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच करवाई जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को निरंतर गति दे रही है और आमजन की सुविधाओं को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामफल नैन, सतपाल शर्मा, विनोद, मनवीर सिंह, मीना शर्मा, जगदीप रेड्डू मोहनलाल नंगथला, रणसिंह राड़, शमशेर भूरीया, संदीप कुंडू, जगदीप सिंह तथा सुभाष मावलिया परमाल कुंडू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ट्रैफिक पुलिस का ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान

**हिसार।** सड़क सुरक्षा माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस की विभिन्न टीमों ने जिले के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों, हाईवे एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से की गई जांच के दौरान पिछले एक सप्ताह में शराब पीकर वाहन चलाने के 29 मामलों में चालान किए गए तथा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे न केवल चालक बल्कि अन्य राहगीरों की जान को भी खतरा रहता है। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे शराब का सेवन करके वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें तथा सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने में पुलिस का सहयोग करें।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को सौंपा ज्ञापन

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा जिलों में वरिष्ठता के आधार पर लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिसार ने जिला महासचिव राकेश गोदारा की अध्यक्षता में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला संरक्षक जय भगवान बडाला ने कहा कि इस ज्ञापन के माध्यम से सरकार से अंतर-जिला स्थानांतरण की सुविधा सभी जिलों में वरिष्ठता के आधार पर लागू करने की मांग उठाई।

ताकि लंबे समय से अपने परिवार से दूर कार्यरत शिक्षक अपने गृह जिले में सेवा कर सकें। जनरल ट्रांसफर ड्राइव चलाई जा रही है। इस संदर्भ में संघ ने स्थानांतरण नीति से जुड़े व्यावहारिक सुझाव दिए। नई स्थानांतरण नीति में विद्यालय में 5 वर्ष एवं खंड में 15 वर्ष की बाध्यता स्वीकार्य है, लेकिन जिन अध्यापकों का एक ही खंड में 15 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण हो चुका है।

उन्हें स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल करते हुए उसी खंड को भी विकल्प के रूप में खोला जाए। यदि संबंधित अध्यापक मेरिट के आधार पर पात्र हो तो उसे उसी खंड में स्थानांतरण का लाभ मिलना चाहिए। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के विषय में कहा कि संघ ने कर्मचारियों के आश्रित माता-पिता एवं अन्य परिजनों के लिए निर्धारित 42 हजार की आय सीमा को समाप्त कर असीमित करने की मांग की।



हिसार। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को ज्ञापन सौंपते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व अन्य फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी, नारनौद प्रधान जितेंद्र, हांसी फर्स्ट प्रधान राजेश यादव, हिसार सेकंड प्रधान सुरजीत कुमार, बरवाला खंड से सुनील बगला, मास्टर अशोक बूरा, सुरेंद्र बत्रा, महावीर गर्ग, दीपक अरोड़ा, ओम प्रकाश, राजवीर जुगलान व सुनील मास्टर समेत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्योग-संस्थान सहभागिता के महत्व पर जोर

- विद्यार्थियों को नौकरी के साथ स्वयं का उद्यम शुरू करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से बीबीए कोर्स के लिए इंस्टीटूशन इनोवेशन कौंसिल के गठन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उद्योग एवं उद्यमिता क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को औपचारिक रूप से इंस्टीटूशन इनोवेशन कौंसिल के विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया। इनमें राज कुमार (रॉयल लाइव बेकरी), कविता वर्मा (सखी मेकओवर्स) तथा बीसीई एजुकेशन सोसायटी से आईटी विशेषज्ञ सुनील शामिल रहे।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते विशेषज्ञ। फोटो: हरिभूमि

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक का शुभारंभ वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. वसुंधरा ने किया। इसके उपरांत वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष सतीश सिंगला ने इंस्टीटूशन इनोवेशन कौंसिल की रूपरेखा, उद्देश्यों तथा बीबीए कोर्स के लिए इसके महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. सतबीर सांगा ने सभी विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया और उद्योग–संस्थान सहभागिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नौकरी के साथ-साथ स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि इस प्रकार की परिषद विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं उद्यमी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। बैठक में डॉ. सत्येन्द्र यादव, डॉ. हर्षा, डॉ. राकेश, डॉ. अनिता तनेजा, डॉ. वसुंधरा, हिना पाहुजा व शाइना सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



## तनिष्क का नया चेहरा अनन्या पांडे, तनिष्क हिसार में 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' का भव्य आयोजन

**हिसार।** भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा तनिष्क ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड चेहरा बनाते हुए अपने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' की शानदार शुरुआत की है। इसका आयोजन तनिष्क हिसार शोरूम में पूरे उत्साह और भव्यता के साथ किया जा रहा है। तनिष्क का यह कदम आधुनिकता, आत्मविश्वास और आज की महिलाओं की बदलती पसंद को दर्शाता है। अनन्या पांडे के साथ यह साझेदारी तनिष्क के उस विज़न को और मजबूत करती है, जिसमें हीरों को सिर्फ खास मौकों तक सीमित न रखकर रोजमर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाया गया है। इस अवसर पर तनिष्क हिसार स्टोर मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' तनिष्क का साल का सबसे बड़ा और सबसे खास डायमंड फेस्टिवल है। उन्होंने बताया कि इस फेस्टिवल में 10,000 से अधिक डायमंड डिज़ाइन्स पेश किए गए हैं। कलेक्शन में ईयररिंग्स, ईयर कफ्स, ड्रॉप्स, हूप्स, स्टड्स, अंगूठियां, नेकवियर, चूड़ियां और ब्रेसलेट्स जैसे कई आकर्षक विकल्प शामिल हैं।

## डॉक्टर ओमप्रकाश कादयान को 'राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान'

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रसिद्ध साहित्यकार, लोक साहित्य के मर्मज्ञ तथा यायावर छायाकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान को श्रेष्ठ बाल साहित्य सृजन व बाल विकास के लिए किए गए अनुपम कार्यों के लिए राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान, 'बाल साहित्य भूषण' प्रदान किया गया है। डॉ. कादयान को यह सम्मान साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा की ओर से राजस्थान के श्रीनाथद्वारा में आयोजित राष्ट्र स्तरीय तीन दिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम व साहित्यकार सम्मान समारोह में रविकांत गर्ग, राज्यमंत्री (उत्तर प्रदेश), आचार्य विनय महाराज (कोटा), श्याम प्रकाश देवपुरा, प्रधानमंत्री साहित्य मंडल, मदन मोहन शर्मा, अध्यक्ष तथा अन्य आए अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, श्रीफल, श्री नाथ का स्वरूप, नकद दाशि देकर, शॉल ओढ़ाकर, मोतियों की माला पहनाकर, सम्मान पटका प्रदान करके सम्मान किया। डॉ. कादयान की अब तक 14 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा करीब 50 पुस्तकों की पाण्डूलिपि तैयार है तथा छह हजार से अधिक आलेख तथा 70 हजार से अधिक छायाचित्र राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। बाल साहित्य पर इनके चार बालगीत संग्रह 'हम पंछी नील गगन के', 'अगर हम पंछी होते', 'सिर उठाकर चलना सीखो' व 'धरती को हम स्वर्ग बनाएंगे' प्रकाशित हो चुके हैं।



हिसार। डॉ. ओमप्रकाश कादयान को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

### प्रदेश में अन्याय व असमानता की जल रही आग : बसपा

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदेश प्रभारी जगदीश चंद्र, प्रदेश सचिव बलवीर मुंडे व प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह धानिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति दलित समाज पर बढ़ते अत्याचार बेरोजगारी युवाओं के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ संविधान पर हो रहे हमलों और हरियाणा की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर विस्तार से और बेबाक चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर आरोप लगाया कि हरियाणा आज अपराध अन्याय और असमानता की आग में जल रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष रविंद्र चौहान, हरि सिंह बगला, जिला प्रभारी नानक देव प्रजापति, हलका अध्यक्ष जितेंद्र मोटा, संदीप मिर्जापुर, अनिल चोपड़ा, दिलबाग डोभी, मनीष तोंदवाल, विकास सातरोड़, दयाचंद रोलन, पवन सभरवाल, गौतम भानगढ़ व मुकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लुवास में चौथे शनिवार अवकाश पर जताया कुलपति का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को अवकाश घोषित किए जाने के निर्णय का विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया है। इस निर्णय के उपलक्ष्य में लुवास टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक के नेतृत्व में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल तथा लुवास नॉन-टीचिंग एसोसिएशन के प्रधान दयानंद सोनी एवं अन्य पदाधिकारियों ने कुलपति से भेंट कर उनका धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक ने कहा कि प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को अवकाश का निर्णय शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए अत्यंत सराहनीय है। इससे कार्य-जीवन संतुलन बेहतर होगा, मानसिक तनाव में कमी आएगी तथा कर्मचारी और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों में योगदान दे सकेंगे। उन्होंने इस सकारात्मक निर्णय के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कुलपति का आभार व्यक्त किया।



हिसार। कुलपति का आभार जताते टीचिंग व नॉन टीचिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### कथा के 5वें दिन श्री सनानत धर्म हनुमान मंदिर नागोरी गेट में उमड़े श्रद्धालु

## राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं तो माता सीता त्याग, तप व पतिव्रत धर्म की प्रतिमूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के पंचम दिवस पर श्री सीताराम विवाह महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया और चारों ओर जय श्री राम के उद्घोष गूंज उठे। कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास पंडित शशि शेखर महाराज ने अपने श्रीमुख से श्री सीताराम विवाह की दिव्य एवं भावपूर्ण कथा का वर्णन किया। महाराज श्री ने कहा कि श्री राम और माता सीता का विवाह केवल एक ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि आदर्श दांपत्य, मर्यादा और त्याग का शाश्वत संदेश है, जो प्रत्येक गृहस्थ के जीवन को दिशा प्रदान करता है। कथा पूजन ईश्वर बिंदल व इंदु बिंदल द्वारा किया गया।



हिसार। कथा को संबोधित करते शशिखेर महाराज।

#### पंडित शशि शेखर महाराज ने दिया प्रवचन

पंडित शशि शेखर महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि जहां श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, वहीं माता सीता त्याग, तप और पतिव्रत धर्म की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। उनका विवाह समाज को यह संदेश देता है कि धर्म, प्रेम और कर्तव्य के मार्ग पर चलकर ही जीवन सार्थक बनता है। मंदिर समिति द्वारा कथा व्यास पंडित शशि का सम्मान किया गया। कथा में मुख्य रूप से हनुमान केडिया, दीपक डालमिया, महावीर लखानी, संगीता सिंघल, आशा रानी, अनिता सेठी, अनिल, किरण गर्ग, मीना, कांता गोयल हांसी, बबीता गोयल हांसी, संजय गुप्ता, कुलदीप ग्रोवर, नरेंद्र गर्ग, नरेश डालमिया, महेश पारीक सहित शहर भर से श्रद्धालु उपस्थित हुए।

